संख्या-105 / 2016 /455 /चार-2016-83(बजट)2006 टीसी-2

प्रेषक,

अनीता सी0 मेश्राम

सचिव

उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,

उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,

लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 29 अप्रैल, 2016

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय की आयोजनेत्तर पक्ष में प्राविधानित धनराशियों के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-18 / उ0प्र0 सं0नि0-2 (1)/2016-17 दिनांक 18 अप्रैल,2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय के अन्तर्गत अधिष्ठान व्यय की मदों में वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या- 92 के अन्तर्गत राजस्व मतदेय के लिए आयोजनेत्तर पक्ष में प्राविधानित धनराशि रू0 9,98,20,000/- (रूपये नौ करोड़ अटठानबे लाख बीस हजार मात्र) की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त कुल धनराशि निदेशक, संग्रहालय निदेशालय के निर्वतन पर रखे जाने की अनुमति भी प्रदान करते है।

2- प्रश्नगत धनराशि का आहरण वि0ह0 पुस्तिका के संगत नियमों के अनुसार राजकोष से किया जाएगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

3- उक्त स्वीकृति इस प्रतिन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन धनराशियों का आवंटन मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता, व्यय करने के लिए बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य स्क्षम प्राधिकारी की, जहॉ कही आवश्यकता हो, व्यय करने के पूर्व स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी।

4- अनुदान के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के सक्षम किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून,1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च,2016 में दिये गये दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन तथा इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने से उ0प्र0

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानको (स्टैण्डर्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अनीता सी0 मेश्राम)
सचिव।

संख्या- / 2016 /455 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4- सहायक लेखाधिकारी, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 105 / 2016/ 455 /चार-2016 -83 (बजट)/2006 टीसी-2 दिनांक 29 अप्रैल,2016 का संलग्नक

चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिये जारी स्वीकृतियों का विवरण-आयोजनेत्तर

मदें	धनराशि (हजार रूपये में)
107- संग्रहालय निदेशालय	
03- अधिष्ठान	
01- वेतन	33460
02- मजदूरी	2018
03-मँहगाई भत्ता	45506
04-यात्रा व्यय	350
05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	40
06-अन्य भत्ते	3346
07-मानदेय	60
08-कार्यालय व्यय	450
09- विद्युत देय	5500
10-जलकर/जल प्रभार	75
11-लेखन सामग्री एवं फार्मो की छपाई	330
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	400
13-टेलीफोन पर व्यय	135
15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	400
17-किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व	200
18-प्रकाशन	150
25-लघु निर्माण कार्य	0
26- मशीने और सज्जा उपकरण और संयत्र	300
29-अनुरक्षण	1250
42-अन्य व्यय	2700
44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	300
45-अवकाश यात्रा व्यय	250
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	350
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	150
49-चिकित्सा व्यय	2000
51-वर्दी व्यय	100
(रूपये नौ करोड़ अटठानबे लाख बीस हजार मात्र) योग	**99820**

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/